बुशफ़ायर के लिए तैयार हो जाएँ

क्वींसलैंड में बुशफ़ायर (जंगल की आग) हर साल लगती हैं। वे लोगों, इमारतों, और पर्यावरण के लिए ख़तरा हैं। आपको अभी ही तैयार हो जाने की ज़रूरत है।

बुशफ़ायर से बचने के लिए योजना बनाएँ

- इस बात पर विचार करें की यदि बुशफ़ायर क़रीब है तो घर में से कौन-कौन घर छोड़ कर जाएगा।
- एक ऐसी सुरक्षित जगह निश्चित करें कि जहाँ आप जा सकते हैं। पता लगाएँ कि आप वहाँ कैसे पहुँच सकते हैं।
- जब आप सुरक्षित हों तो इसके बारे में बताने के लिए एक आपातकालीन संपर्क विवरण अपने पास रखें।
- अपने पालतू जानवरों और पशुधन के लिए योजना बनाएँ।

जानें कि कब जाना है

आग के ख़तरे की रेटिंग का पालन करें।

आग के ख़तरे की रेटिंग आपको बताती है कि यदि आग शुरू हो जाती है तो वह कितनी ख़तरनाक हो जाएगी।



मध्यम - योजना बनाएँ और तैयारी करें
बहुत अधिक - कार्यवाही करने के लिए तैयार रहें
अत्यधिक - अब कार्यवाही करें और छोड़ कर चले जाएँ
विनाशकारी - बुशफ़ायर के ख़तरे के क्षेत्रों को छोड़ कर चले जाएँ

qfes.qld.gov.au/fdr पर अधिक जानकारी प्राप्त करें

चेतावनी के संकेतों को जानें।

कभी-कभी आप बुशफ़ायर के बारे में चेतावनी देखेंगे या सुनेंगे। इसका मतलब है कि आग लग गई है।

सुझाव

पास में ही आग लगी हुई है।
आपको अधिक जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता है।

निगरानी रखें और कार्यवाही करें

आग क़रीब है।
अपनी बुशफ़ायर योजना का पालन करना शुरू करें।

आपातकालीन चेतावनी

यहाँ आग लगी हुई है। अब कार्यवाही करें।
आप ख़तरे में हैं।

पता लगाएँ कि आप जानकारी और चेतावनियों के बारे में कहाँ से जान सकते हैं



अपने रेडियो को सुनें:

- अपने स्थानीय ABC स्टेशन को खोजें।
  abc.net.au/newsradio
- अपने स्थानीय कोमर्शियल स्टेशन को खोजें।
  commercialradio.com.au

QFES को सोशल मीडिया पर फॉलो करें:

- Facebook **@QldFireandEmergencyServices**
- Twitter **@QldFES**

वर्तमान बुशफ़ायरों का नक़्शा:

- **qfes.qld.gov.au/Current-Incidents** पर देखें

छोड़ कर जाने के लिए किट पैक करें

- [ ] प्रत्येक व्यक्ति के लिए कपड़े
- [ ] पीने के लिए पानी
- [ ] दवाइयाँ और दवाइयों के पर्चे
- [ ] रेडियो
- [ ] टॉर्च
- [ ] अतिरिक्त बैटरियाँ
- [ ] मोबाइल फ़ोन और उसका चार्ज़र
- [ ] ऊनी कम्बल
- [ ] पालतू पशुओं के लिए सामान

- [ ] महत्वपूर्ण कागज़ात:
  - आपातस्थिति के लिए फ़ोन नंबर
  - फ़ोटो आइ डी (ID) / पासपोर्ट
  - बीमे के कागज़
  - वसीयत
  - पैसे
  - जन्म और विवाह के प्रमाणपत्र
  - फ़ोटो

छोड़ कर जाने के लिए तैयार की गई किट को ऐसे स्थान पर रखे जहाँ से आप उसे आसानी से ले सकें।

अधिक जानने के लिए qfes.qld.gov.au/bushfires पर देखें

अन्य भाषाओं में सहायता लेने के लिए **1800 512 451** पर फ़ोन करें या www.qld.gov.au/help/languages पर जाएँ

© क्वींसलैंड राज्य (क्वींसलैंड अग्नि व आपात सेवाएँ) 2023
ग्राफ़िक्स और ट्रेडमार्क्स के अतिरिक्त सभी सामाग्री को CC 4.0. के अंतर्गत लाइसेन्स दिया गया है।